श्रीमती सुषमा स्वराज : महोदया, मुझे बोलने की इजाजत दीजिए। ... **(व्यवधान)**।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : (उत्तर देश) : इनकी तो चेयरमैन साहब ने इजाजत दी है, महोदया।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैडम, आप मुझे एक सवाल उठाने का मौका दीजिए। ... **(व्यवधान)** महोदया, आज शून्यकाल में बहुत ही महत्वपूर्ण मसले उठ रहे हैं। ... **(व्यवधान)**

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): Madam.....

THE DEPUTY CHAIRMAN: I promise I will call you, Jayanthiji. Please. (*Interruption*)... Mr. Pachouri, I will call you. जाधव जी आप बैठ जाइये। You go back to your seat. There should be some order in the House. I have noticed that many Members just speak from wherever they like. This is not proper.

RE. REPORTED DEMOLITION OF HOUSES ON DELHI SURAJKUND ROAD

श्रीमती सुषमा स्वराज : (हरियाणा) : मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान .... **(व्यवधान)**

उपसभापति : यह किस बारे में है?

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं बताना चाहती हूं।

उपसभापति : इस सिलसिले में तो नहीं है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : नहीं, बिलकुल एक नया मसला है। बहुत ही गंभीर मसले की तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहती हूं। मैं आपका ध्यान जश्ने-कांग्रेस के चलते जिन लोगों को बेघर कर दिया गया है, उनकी तरफ दिलाना चाहती हूं।

महोदया, अपनी दादी-नानी से जब हम राजा-महाराजाओं की कहानी सुनती थीं, तो वह बताया करती थीं कि जब शहनशाहों की सवारियां निकलती थीं, तो लोगों को रास्ते से हटा दिया जाता था, रास्ते साफ कर दिये जाते थे ताकि राजा का रथ निर्बाध रूप से चला जाए ... **(व्यवधान)** लेकिन महोदया, ... **(व्यवधान)**

श्री वीरेन जे. शाह : (महाराष्ट्र) : आप सुनें तो कि वह क्या कह रही हैं। उन्हें बोलने तो दीजिए।

श्रीमती सत्या बहिन : (उत्तर प्रदेश) : महोदया, यह जो कह रही है, ... **(व्यवधान)**

श्रीमती सुषमा स्वराज : सत्या बहिन आप बैठ जाइये आप सुनें तो...

महोदया, लोकतंत्र में कभी ऐसा होगा, इसकी कभी मैंने कल्पना नहीं की थी। लेकिन आज के प्रधान मंत्री तो शहनशाहों से ज्यादा सामंती प्रवृत्ति के हो गये हैं।

जनसत्ता में प्रथम खबर के तौर पर छपा है कि राव के सूरजकुंड जाने के रास्ते में मकान ढहा दिये गये। मैं पहली पंक्ति पढ़ कर सुनाती हूं। आप कह रही है किस विषय पर.. **(व्यवधान)**

उपसभापति : यह स्टेट का सबजेक्ट है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : सूरजकुंड कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने प्रधान मंत्री, पी. वी. नरसिंह राव और दूसरे कांग्रेसी नेता जिस रास्ते से गुजरेंगे, उसे साफ और सुंदर बनाने के लिए वहां के सैंकड़ों मकान ढहा दिये गये हैं। ... **(व्यवधान)**

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : (उत्तर प्रदेश) : धिक्कार है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : और इस मुहिम में आठ सौ से ज्यादा लोग बेघर हो गये हैं। मकानों को गिराने से पहले लोगों ने निगम के अधिकारियों को वहां बने मकानों के बारे में लाल डोरा प्रमाण-पत्र, बिजली के बिल और पानी के बिल भी दिखाए और वे साबित करना चाहते थे कि ये मकान उनके हैं। निगम वहां तोड़-फोड़ नहीं कर सकता। लेकिन वहां पर दिए गए कोर्ट के स्टे ... **(व्यवधान)** की भी अनदेखी की गई और निगम के अधिकारियों ने कहा... **(व्यवधान)**

उपसभापति : आई एम नाट परमिटिंग यू टू... **(व्यवधान)** न्यूज-पेपर मत पढ़िए।

श्रीमती सुषमा स्वराज : यह आदेश हमें प्रधान मंत्री दफ्तर से दिया गया है, इसलिए वे विवश हैं।

श्री वीरेन जे. शाह : न्यूज पेपर से ... **(व्यवधान)** बात आई..... **(व्यवधान)**

उपसभापति : वह हरियाणा से आती हैं, अपनी आंखों देखा बता सकती हैं। न्यूज पेपर से क्यों दे रही हैं? ... **(व्यवधान)** अगर ऐसा हुआ है तो उन्हें दिखाया होगा, नहीं तो... **(व्यवधान)**

श्रीमती सुषमा स्वराज : महोदया, केवल इसलिए कि प्रधान मंत्री का काफिला फरीदाबाद से दनदनाता हुआ सूरज कुंड पहुंच जाए और उसकी... **(व्यवधान)** गति में किसी तरह की कमी न आए ... **(व्यवधान)** लोगों को उजाड़ा गया है। आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि... **(व्यवधान)**

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): Madam, it is absolutely wrong because the Prime Minister is going by helicopter. (*Interruptions*) She is making absolutely false allegations. (*Interruptions*) The Prime Minister is going by helocopter. This is not true. (*Interruptions* Mr. Jain planted this story.

श्री कैलाश नारायण सारंग : (मध्य प्रदेश) : आप किस राजा-महाराजा से कम हैं। ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : आप बैठिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं कहना चाहती हूं कि उन ध्वस्त हुए मकानों को... **(व्यवधान)**

उपसभापति : प्लीज बैठ जाइये। प्लीज टेक यूअर सीट नाउ। ... **(व्यवधान)** बस।

श्रीमती सुषमा स्वराज : लोगों को उजाड़ दिया आपने। ... **(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. I am not allowing anything any more. I am not permitting. Please take your seat. I don't like this. (*Interruptions*).

RE. DEMAND FOR DISCUSSION ON THE OBSERVATIONS OF VERMA COMMISSION PROLONG INTO RAJIV GANDHI ASSASSINATION CASE

श्री सुरेश पचौरी : (मध्य प्रदेश) : मैडम, मैं आज बहुत गंभीर मामला उठाना चाहता हूं। ... **(व्यवधान)** मैडम, सी.आई.ए. और एफ.बी.आई. के पूर्व निर्देशक विलियम डब्ल्यू. बेक्स्टर ने रहस्योद्घाटन किया है कि कुछ वर्ष पूर्व जब भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की अमरीका यात्रा हुई थी तो उस यात्रा के दौरान उनकी हत्या की साजिश की गई थी और एफ.बी.आई. ने इसे नाकामयाब किया था। श्री बैक्स्टर ने यह भी बताया कि यह साजिश उन्हें कब पता लगी। इस साजिश में कौन-कौन से लोग शुमार थे। कौन कौन आतंकवादी गुट के लोग थे। कौन कौन उससे संबद्ध थे। लेकिन उन्होंने